अरविन्द पाण्डेय
मंत्री
विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ शिक्षा,
संस्कृत शिक्षा, खेल, युवा कल्याण
एवं पंचायती राज

उत्तराखण्ड सरकार

विधान भवन
देहरादून–248001
दूरभाष : 0135–2665080
फैक्स : 0135–2665121

दिनांक 15 अगस्त, 2021

"स्वतंत्रता दिवस संदेश"

राष्ट्र के 75वें स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर प्रदेश के नौनिहालों, विद्वान शिक्षक साथियो, शिक्षणेत्तर कर्मियों एवं प्रदेश के सम्मानित अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों से बातचीत करते हुए मैं अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ। आपको हृदय की गहराई से देश की स्वतंत्रता की हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

हमें अपने छात्र छात्राओं को इस बात से अवगत कराना है कि एक लम्बी परतन्त्रता के पश्चात हमारे वीर राष्ट्रभक्तों एवं स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानियों के अथक प्रयास तथा देश की रक्षा हेतु किये गये बलिदान के प्रतिफल स्वरूप भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। आज देश के वीर सपूतों की गाथायें हमें नौनिहालों के साथ साझा करने की आवश्यकता है, इससे छात्र/छात्राओं में बाल्यकाल से ही देश प्रेम के साथ–साथ समाज सेवा एवं अच्छे नागरिक के गुण विकसित हो सकेगें।

मेरा अनुरोध है कि कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए छात्र/छात्राओं के साथ कक्षा शिक्षण के साथ–साथ ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी राष्ट्रभक्ति की गाथायें साझा की जांय। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम, बंगाल विभाजन, जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड, असहयोग आन्दोलन, भारत छोड़ो आन्दोलन जैसी घटनाओं के साथ–साथ सम्मानित देशभक्तों के जीवन पर प्रकाश डाला जाय। विभिन्न देशभक्ति के सम्बोधों पर कक्षावार निबन्ध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया जाय।

आप भली भाँति अवगत हैं कि कोविड–19 संक्रमण के कारण बच्चों की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। बच्चों के मानस पटल पर कोविड संक्रमण तथा लॉकडाउन का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इस हेतु बच्चों की काउंसिलिंग कर उनसे वात्सल्यपूर्ण परिवेश में बातचीत करते हुए उनका आत्मविश्वास जागृत करने हेतु वातावरण निर्माण किया जाय।

साथियों प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड तक गुणवत्ता परक शिक्षा पहुँचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। लॉकडाउन की अवधि में जहाँ हमारे विद्वान शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों द्वारा कोरोना वॉरियर की हैसियत से समुदाय को संक्रमण से मुक्त रखने तथा विभिन्न स्थिति का सामना करने में सहयोग किया गया है, वहीं बच्चों को विकट लाभकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा ऑनलाइन प्रक्रिया/वर्चुअल मोड में तथा व्यक्तिगत तथा दूरभाष पर सम्पर्क करते हुये छात्र/छात्राओं तक कोराना काल में सहयोग पहुँचाया गया है। इसके लिये हमारे कार्मिक साधुवाद के पात्र हैं।

प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में प्रदेश सरकार द्वारा 2–2 अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना कर गुणवत्ता परक शिक्षा की तरफ सकारात्मक कदम बढ़ाया है। इस योजना को शीघ्र ही अन्य अपवंचित क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाना है। अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण करने वाले शिक्षकों की पदस्थापना की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। छात्र–छात्राओं को CBSE मानकानुसार शिक्षा प्रदान किये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश के जनमानस को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापरक शिक्षा के प्रति आश्वस्त किये जाने की आवश्यकता है। इससे प्रदेश से पलायन रोकने तथा स्थानीय स्तर पर लघुउद्योग तथा उद्यमिता विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के चहुमुंखी विकास के लिये हमारे विद्वान शिक्षकों को गुरूत्तर भार का वहन करना है।

मैं, राष्ट्र के स्वतंत्रता दिवस की इस पावनबेला पर प्रदेश के शिक्षकों तथा अभिभावकों को सक्रियता के साथ प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए योगदान करने का आह्वान करता हूँ।

एक बार पुनः प्रदेश की समस्त संभ्रांत, जनता, अभिभावकों, शिक्षकों तथा प्यारे छात्र–छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें प्रदान करता हूँ।

जय हिन्द! जय उत्तराखण्ड!

(अरविन्द पाण्डेय)
मंत्री
विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, संस्कृत शिक्षा,
खेल, युवा कल्याण एवं पंचायती राज
उत्तराखण्ड सरकार